# विषय चयन के लिए काउंसलिंग कल से

नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर : प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना ने विषय चयन के लिए निश्शुल्क काउंसलिंग शिविर का शुभारंभ मंगलवार को किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का विषय चयन एवं करियर के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

शिविर में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग की विशेष सुविधा दी गई, जिससे वह अपने करियर को नई दिशा प्रदान कर सकें। शिविर में विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित हुए।

प्रो. अरुण शुक्ल संभागीय नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का विषय चयन एवं करियर के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस शिविर में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विशेष काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध है, जिससे वह अपने करियर को नई दिशा प्रदान कर सकते हैं। इस शिविर में विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित होकर निश्शुल्क मनोविज्ञानी एवं अकादमिक परामर्श प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनको रुचि एवं क्षमता अनुसार भविष्य निर्माण के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान होगा। इस अवसर पर डा. महेंद्र कुमार कुशवाहा, डा. शैलेंद्र भवदिया, डा. तरुणेद्र साकेत, डा. राघवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।



शिविर की जानकारी देते प्रो . अरुण शुक्ल।